संक्षिप्त

उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान

भरतपुर (निस)। जिलेभर में 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ समारोहपूर्वक मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ऊर्जामंत्री हीरालाल नागर ने तिरंगा ध्वज फहराकर मार्च पास्ट की सलामी ली। समारोह में राजस्थान पुलिस, राजस्थान सशस्त्र पुलिस, राजस्थान महिला पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी, भारत स्काउट, गाइड, पुलिस बैण्ड की टुकडियों ने परेड कमाण्डर पुलिस निरीक्षक कल्याण सिंह के नेतृत्व में मार्च पास्ट किया। पुलिस के बैण्ड की धुनवादन के साथ मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। समारोह में माननीय राज्यपाल महोदय के संदेश का पठन अतिरिक्त कलैक्टर (प्रशासन) घनश्याम शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री ने शहीदों की 10 वीरांगनाओं का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। उत्कृष्ट कार्यों के लिए चयनित 76 छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, अधिकारियों एवं कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में आर्मी स्कूल कंजोली के छात्र-छात्राओं ने ''मेरा रंग दे बसंती चोला'' गीत के माध्यम से शहीद भगतसिंह पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देकर देशभक्ति का संदेश दिया। टीएम स्कूल के छात्र-छात्राओं ने ''वन्दे मातरम'' गीत पर सामूहिक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा शहर के 23 विद्यालयों के 1 हजार 532 छात्र-छात्राओं द्वारा शा. शिक्षक विजय सिंह एवं तेजवीर सिंह के नेतृत्व में शारीरिक व्यायाम का प्रदर्शन किया।

मोहित बने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स

टोंक । कोविड-19 महामारी जैसे कठिन समय में जब डर और असमंजस का माहौल था, तब टोंक के मोहित वैष्णव ने अपने समूह कम्युनिटी थिएटर सोसायटी के साथ मिलकर रंगमंच को माध्यम बनाकर रचनात्मक माध्यम से समाज को जागरूक करने का बीडा उठाया था, जिस हेतु उन्हे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स 2027 में स्थान देते हुए प्ठत ।बीपमअमत के प्रतिष्ठित खिताब से सम्मानित किया गया है, इससे पूर्व गूगल की और से भी मोहित को लोकल गाइड से सम्मानित किया जा चुका हैं। इस उपलब्धि के अंतर्गत मोहित वैष्णव को उपलब्धि प्रमाण पत्र, मेडल, बैज, रिकॉर्ड होल्डर आईडी कार्ड, विशेष पेन और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स 2026 संस्करण प्रदान किया जाएगा। मोहित कुमार वैष्णव ने इस अवसर पर कहा कि यह उपलब्धि अकेले उनकी नहीं, बल्कि कम्युनिटी थिएटर टोंक समूह तथा उन सभी साथियों और दर्शकों की है, जिन्होंने इस सामाजिक प्रयास को समर्थन दिया।

कार्यशाला का आयोजन

किशनगढ़ बास। न्याय की सुलभता और आमजन को विवादों से त्वरित मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से मंगलवार को बार अभिभाषक संघ किशनगढ़ बास के परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के तत्वावधान में चलाए जा रहे देशव्यापी अभियान मिडिएशन फॉर द नेशन 2.0 और राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (आरएसएलएसए) के जन उपयोगी सेवा अभियान को समर्पित रही । बैठक की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खैरथल-तिजारा के सचिव रनवीर सिंह द्वारा की गई, जिसमें बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश तिवाडी सहित गणमान्य अधिवक्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। बैठक में सचिव रनवीर सिंह ने त्रैमासिक अभियान मिडिएशन फॉर द नेशन 2.0 की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि मध्यस्थता केवल एक कानूनी प्रक्रिया नहीं, बल्कि विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने का एक मानवीय दृष्टिकोण है। उन्होंने उपस्थित अधिवक्ताओं से आव्हान किया कि वे अपने पक्षकारों को मध्यस्थता के लाभ समझाएं चिन्हित कर रैफर करें ।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

पावटा में विधायक व एसडीएम की मौजूदगी में फहराया तिरंगा



पावटा में उपखंड स्तरीय 77वां गणतंत्र दिवस समारोह विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य व पावटा उपखंड अधिकारी साधना शर्मा की अध्यक्षता में हुआ।

- वीरांगनाओं सहित उपखंड स्तर पर श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों सहित आमजन का हुआ सम्मान

पावटा। उपखंड स्तरीय 77वां गणतंत्र दिवस समारोह सोमवार को विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य व पावटा उपखंड अधिकारी साधना शर्मा की अध्यक्षता एवं पावटा तहसीलदार लोकेंद्र मीणा, सीबीईओ धर्मवीर जिंदोंलिया, विकास अधिकारी सुशीला यादव, अधिशासी अधिकारी फतेह सिंह मीणा, आंध्रा भाजपा नेता भास्कर, श्री निवास, पावटा भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह, उपेन्द्र सिंह शेखावत, सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल अठावाल, रामपाल मीणा, बद्री प्रसाद चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष जयराम सिंह, डॉ रवि अंजलि गुप्ता, विजय लक्ष्मी गुप्ता, डॉ.अशोक बाज्या, पूर्व वाइस चेयरमैन नरपत सिंह, कृष्ण ओला, एडवोकेट विष्णु पटेल के विशिष्ट आतिथ्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा प्रधानाध्यापक मनीष गोयल की मौजूदगी मे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा के प्रांगण में सरस्वती माँ के सामने दीप प्रज्वलित कर, ध्वजारोहण करते हुए हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा प्रधानाध्यापक मनीष गोयल द्वारा आगंतुक अतिथियो का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में विधायक कुलदीप धनकड व पावटा उपखंड अधिकारी साधना शर्मा सहित अधिकारियों ने 10.30 बजे राष्ट्रध्वज फहराया और परेड की सलामी ली कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षको के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट व पीटी का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर कस्बे के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा शहीद वीरांगनाओं का सम्मान किया गया साथ ही उपखंड स्तर पर श्रेष्ठ कार्य करने वाले वरिष्ठ घनश्याम पटेल, डॉ रवि अंजली गुप्ता, डॉ.अशोक बाज्या, शिक्षक अंजनी अग्रवाल, पंचायत सहायक कमल किशोर भारद्वाज , गिरदावर शशिधर यादव सहित बडी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों, भामाशाहों सहित आमजन व कार्यक्रम के अंत में शानदार प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। सम्मान पाकर सभी सम्मानितजनों के चेहरे पर गर्व और उत्साह साफ नजर आया।

इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक कुलदीप धनकड ने समारोह को संबोधित करते हुए समस्त प्रदेशवासियों एवं क्षेत्रवासियों को 77वे गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। वहीं उन्होंने भारत माता की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों के चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने वीरांगनाओं के योगदान को नमन करते हुए कहा कि उनका बलिदान आने वाली पीडियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वहीं उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान में निहित अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है।

बेढ़म ने ली परेड की सलामी

डीग भरतपुर (निस)। 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर किशन लाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने ध्वजारोहण किया।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में उन्होंने डीग जिले के सर्वांगीण विकास और इसे प्रदेश का आदर्श जिला बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। समारोह को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में नवगठित डीग जिले में विकास की अपार संभावनाएं तलाशी जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि जिले की सड़क कनेक्टिविटी को सुदृढ करने के लिए बडौदा मेव से भरतपुर तक 668 करोड रुपये की लागत से फोरलेन सड़क की डीपीआर तैयार हो चुकी है। इसके अलावा, 100 करोड रुपये की लागत से डीग बाईपास और 66 करोड रुपये की लागत से ब्रजनगर बाईपास को मंजूरी दी गई है। साथ ही, जिले में 150 से अधिक सड़कों के निर्माण और जीर्णोद्धार का कार्य प्रगति पर है।

झिलाई में 8.32 करोड़ के अस्पताल का शिलान्यास

झिलाय में विधायक रामसहाय वर्मा ने सीएचसी की नई बिल्डिंग का शिलान्यास किया।

- विधायक ने कहा अधिकारी आमजन की समस्याओं का समाधान सजगता से करें

टोंक। निवाई-पीपलू विधानसभा क्षेत्र के झिलाय में विधायक रामसहाय वर्मा ने सीएचसी की नई बिल्डिंग का शिलान्यास किया। यह बिल्डिंग 8 करोड़ 32 लाख रुपए की लागत से बनेगी, जो क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ करेगा। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक वर्मा ने कहा-सरकार जनता के स्वास्थ्य के प्रति पूरी तरह सजग है। उन्होंने बताया कि झिलाय के 65 साल पुराने अस्पताल को आधुनिक भवन की सौगात देना इसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आमजन की समस्याओं का समाधान सजगता से करें और मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करें, उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार पारदर्शिता और जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

इस अवसर पर विधायक वर्मा ने ढाणी जुगलपुरा में नवनिर्मित आयुष्मान उप स्वास्थ्य केंद्र का भी लोकार्पण किया, इस कार्यक्रम में प्रशासक कांता देवी शर्मा, डॉ. सचिन करोल सहित कई गणमान्य नागरिक और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

परेड का निरीक्षण

निवाई। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह कृषि उपज मंडी प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम प्रीति मीणा ने ध्वजारोहण करके किया। मुख्य अतिथि एसडीएम प्रीति मीणा ने परेड का निरीक्षण करके सलामी ली। एसडीएम प्रीति मीणा ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय महापर्व है। जो भारत के संविधान को अपनाने और देश के गणतंत्र में परिवर्तन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागु हुआ था। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस भारत के संविधान की प्रस्तावना का मूल पाठ है। गणतंत्र दिवस एक समृद्ध, सुरक्षित और साहसिक नए भारत के निरंतर उदय के लिए मनाया जाता है। इस दौरान उन्होंने गणतंत्र दिवस के महत्व, भारत के इतिहास व देशभक्ति की भावना पर विस्तृत जानकारी प्रदान की साथ ही अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए देश को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने व प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा करते हुए एक सुरक्षित एवं स्वच्छ भारत को आने वाली पीढी को प्रदान करने का संकल्प लेने का आव्हान किया।

संविधान के संवर्धन से ही होगा गणतंत्र मजबूत : प्रो. रमेश बैरवा

वजीरपुर। राजकीय कन्या महाविद्यालय वजीरपुर में मिठाई वितरण कर 77वाँ गणतंत्र दिवस मनाया गया।

झंडारोहण नोडल अधिकारी प्रो.रमेश बैरवा ने किया। राष्ट्रगान पिंकी माली,ज्योति सोनी और राशि उपाध्याय ने सामूहिक रूप से गाया। प्रो. बैरवा ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता,समानता,सद्भाव, समाजवाद, सामाजिक न्याय, लोकतंत्र, विविधता में एकता, अभिव्यक्ति की आजादी जैसे संवैधानिक मूल्यों के संवर्धन एवं सभी नागरिकों को गरिमामय जीवन सुनिश्चित करने से ही भारत का गणतंत्र मजबूत होगा। प्रवक्ता डॉ.ऋषिकेश गुर्जर,डॉ भूरसिंह गुर्जर,डॉ.संपूर्णानंद गौतम एवं छात्रा कविता जगरवाल,पिंकी माली ने भी विचार रखे।

छायांकन छात्रा रुचि वैष्णव,राशि उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में ज्योति सोनी, भावना कुमारी बैरवा,खेलन्ति सैनी,किरण मीणा,रानी राजावत,ऋतु सैनी,वर्षा बंसल, कृष्ण सैनी,कोमल मीणा,वंदना मीणा,सपना माली,खुशबू वैष्णव,पायल जाटव,बृजेश जाटव एवं अन्य छात्राएं उपस्थित रही।

राजकीय कन्या महाविद्यालय वजीरपुर में मिठाई वितरण कर 77वाँ गणतंत्र दिवस मनाया गया।

फुलेरा में विभिन्न स्थानों पर फहराया तिरंगा

फुलेरा। 77वां गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह फुलेरा नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में स्कूल खेल मैदान पर रविवार सुबह 10:15 बजे ध्वजारोहण व सांस्कृतिक कार्यक्रम फुलेरा नगरपालिका ईओ सुनिल शर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया।

मुख्य अतिथि फुलेरा विधायक विद्याधर सिंह चौधरी रहे। विशिष्ट अतिथि राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश सोनी, बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य नविता वर्मा, फुलेरा थाना एएसआई मोहन लाल रहे, कार्यक्रम का संचालन योगेन्द्र गहलोत ने किया। इसी प्रकार नगरपालिका कार्यालय पर पालिका ईओ सुनिल शर्मा व गांधीचौक परिसर व पुलिस थाना फुलेरा पर थानाधिकारी राजेंद्र कुमार यादव ने ध्वजारोहण किया। इसके अतिरिक्त फुलेरा-ईटावा रोड स्थित कांठोस कार्यालय पर विधायक विद्याधरसिंह चौधरी, रीको क्षेत्र स्थित भाजपा कार्यालय पर पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, राजकीय उपजिला अस्पताल पर पीएमओ डॉ. धर्मेन्द्र भामू, टैगोर सेंट्रल स्कूल पर शैलेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में संजय शर्मा, दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत कार्यालय पर अशोक वासदेव की अध्यक्षता में रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक सुरेश मीणा, दैनिक रेलयात्री महासंघ कार्यालय पर रेलवे पेंशनर सोसायटी के अध्यक्ष रमेशचंद वर्मा, जमायतुल कुरेशीयान जमातखाना भवन पर इमाम ताज मोहम्मद व शहीद मेजर दलपत सिंह सर्किल पर समाजसेवी हनुमानसिंह, रमेश पंवार राजकुमार किलानोत ने ध्वजारोहण किया। इसी प्रकार अनेक सामाजिक व राजनैतिक कार्यालयों व सरकारी व निजी विद्यालयों पर ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई।

शिविर में 897 मरीज लाभान्वित

ग्राम पुरुषोत्तमपुरा स्थित गौशाला में शिविर का आयोजन किया ।

- आई हॉस्पिटल बहरोड द्वारा 400 मरीजों की नेत्र जांच की

कोटपूतली । किस्तूरी देवी मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में सोमवार 26 जनवरी को स्व. किस्तूरी देवी की सप्तम पुण्यतिथि पर विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन ग्राम पुरुषोत्तमपुरा स्थित श्री जगन्नाथ गौशाला में किया गया।

शिविर में विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल एवं माया पटेल द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई एवं चिकित्सकों की टीम का स्मृति चिह्न देकर अभिनंदन किया गया। षिविर का कुल 897 मरीजों ने लाभ उठाया। शिविर में मिश्री देवी आई हॉस्पिटल बहरोड द्वारा 400 मरीजों की नि:शुल्क नेत्र जांच एवं 70 मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण (ऑपरेशन) के लिये चिह्नित किया गया।

जिनका आगामी 06 फरवरी को गौशाला से बस द्वारा ऑपरेशन के लिये ले जाया जायेगा। महात्मा गांधी हॉस्पिटल जयपुर द्वारा हृदय रोग, न्यूरोलॉजी, फिजिशियन, जनरल सर्जरी, हड्डी व जोड रोग, कान नाक गला रोग विशेषज्ञों द्वारा 300 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया गया।

मित्तल स्माईल केयर द्वारा 90 मरीजों को नि:शुल्क दंत रोग परामर्श व 50 मरीजों को डॉ. मयंक मित्तल द्वारा नि:शुल्क चर्म रोग का परामर्श, डॉ. राहुल बालयान द्वारा 57 लोगों को नि:शुल्क फिजियोथेरेपी सेवा, डॉ. आस्था बंसल ने सभी महिलाओं को स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं के बारे में बताया और उचित परामर्श दिया। दिल्ली से आई शोभा तोमर की टीम ने सेंसेस के बारे में बताया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अरविंद मित्तल ने बताया कि शिविर में मरीजों को नि:शुल्क दवा एवं जांच की सुविधा भी दी गई। साथ ही जरूरतमंदों को कपड़ों एवं फलों का वितरण भी किया गया। इस दौरान गौशाला अध्यक्ष दिलीप मित्तल, नरेश, सुभाष, चौथमल, भाजपा युवा नेता शशी मित्तल, पत्रकार डॉ. राकेश इंदौरिया, अखिल भारतीय अठावाल सम्मेलन अध्यक्ष कमल गुप्ता, लॉयंस क्लब से घनश्याम अथोनिया, महेश मित्तल, अजय बगड़ावत, विक्रम कसाना, समीर जोशी, जितेंद्र सिंह शेखावत, सतीश सैनी, बालकृष्ण सैनी, विजय छावडी, भारत शर्मा, सुरेश चंद वैद्यजी, प्रकाश चंद मीणा, सुभाष सैन, लक्ष्मण सिंह, संतोष, अशोक, महावीर सिंह, कमल अठावाल, पप्पू सिंह, शेरसिंह, मक्खन कुमावत, ख्यालीराम गुर्जर, नृसिंह गुर्जर, कप्तान सिंह, हव. बनवारी, हव.रोहिताश, चिराग मीणा, नरेश शर्मा, सरदार सिंह, लालचंद गुर्जर, हरचंद मीणा, मामराज समेत बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।

राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त- प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक: 9905 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 23.01.2026
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 233/67 (MIG-A), (एरिया 96.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन सुश्री करुणा अग्रवाल पुत्री श्री शान्ता प्रसाद अग्रवाल को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 3440 दिनांक 29.10.2007 को जारी किया गया। सुश्री करुणा अग्रवाल के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 24.01.2008 को उप पंजीयक जयपुर - चतुर्थ, के यहां पंजीकृत करवाये गये।सुश्री करुणा अग्रवाल द्वारा उक्त आवास को दिनांक 28.01.2008 के द्वारा श्री यतीश कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री गोविन्द राम शर्मा को विक्रय कर उप पंजीयक - चतुर्थ, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री यतीश कुमार शर्मा द्वारा उक्त आवास को दिनांक 19.07.2010 के द्वारा श्री राकेश शर्मा पुत्र स्व. श्री लालचन्द शर्मा को विक्रय कर उप पंजीयक जयपुर-प्रथम के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री राकेश शर्मा की मृत्यु दिनांक 25.02.2025 को हो जाने के कारण पंजीकृत हकत्याग पत्र के आधार पर इनके पुत्रश्री सुजय दीक्षित पुत्र स्व श्री राकेश शर्मा द्वारा उक्त आवास को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है।अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुतकरें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री सुजय दीक्षित पुत्र स्व. श्री राकेश शर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा ।
संपदा प्रबंधक,वृत्त प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बालूराम यादव पुत्र स्व. श्री लादूराम यादव निवासी ग्राम सरना चौड तहसील कालवाड जिला जयपुर का हूँ। मेरे पुत्र गणेश यादव जो कि मेरे कहने में नहीं हैं वह शराबी जुवारी हैं। मेरी सेवा सुश्रुषा नहीं करता है। मेरे साथ मारपीट व गाली गलौच करता है जिससे मेरी जान को खतरा है। इस कारण मेरी सम्पूर्ण स्व. अर्जित व पैतृक चल-अचल सम्पत्ति जिसमें पुख्ता मकान 500 वर्गगज एवं कृषि भूमि खसरा नं. 292, 296, 297, 298, व 342 कुल रकबा 8.37 हैक्टेयर मे से 1/6 हिस्से से बेदखल करता हूँ। आज के पश्चात गणेश से कोई लेन देन व संव्यवहार करता है तो उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
जयपुर, दिनांक (बालूराम यादव)

प्रारूप-10, नियम 6 (7) देखिए
प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर परिषद लालसोट
सं. 5823 **लोकसूचना** दिनांक: 23.01.2026
(1) श्रीमती सरोज देवी उर्फ उर्मिला देवी पत्नि श्री कमलेश कुमार आसीका, अंजुलता पत्नि ताराप्रकाश निवासी जोशी पाड़ा लालसोट। ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक (आवासीय) प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है,

जिले सहित तहसील का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा नं.	90क हेतु प्रस्तावित क्षेत्रफल
लालसोट दौसा जिला	लालसोट	खसरा नं. 595 रकबा 0.13 बिस्वा	172.28 वर्ग मीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन आवासीय प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर- भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं हैं और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 23.01.2026 को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद लालसोट

सम्मन बनाम कायम मुकाम
(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत जेएम (डी) मुकाम जयपुर जिला
दावा बाबत सी एस
हासानन्द पेसवानी बनाम भँवर लाल शर्मा 538/22.12.25
दावा बाबत C.S.
मुकदमा नं. 78 सन् 18
बनाम-मुसम्मी 1. गोरी देवी 2. रामावतार 3. किशनवतार 4. राजेश कुमार वल्द स्व. भँवरलाल कौम हिन्दू साकिन 29/B सिंधु नगर नाहरी का नाका जयपुर
चूंकि ने इस अदालत में तारीख - माह- सन् 20 को 1. हासानन्द पेसवानी बनाम 2. भँवरलाल दायर की जो कि बाद में फोत हो गया और चूंकि मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतबफ्फी भँवरलाल शर्मा मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 1. गौरी देवी 2. रामावतार 3. किशनवतार 4. राजेश कुमार बनाये जावें।
लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाबदेही 1. गोरी देवी 2. रामावतार 3. किशनवतार 4. राजेश कुमार बनाए जाए। आपको तारीख 31 माह 1 सन 2026 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला किया जावेगा।
बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 22 माह 12 सन् 25 को जारी किया गया।
मोहर अदालत
शरिस्तेदार
सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट जयपुर जिला जयपुर

संख्यांक 2
विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
नाम न्यायालय अति. जिला न्यायाधीश क्रमांक 10 स्थान जयपुर महानगर-प्रथम
राम किशोर मीणा विरूद्ध श्रीमती सुनीता मीणा व अन्य वाद बाबत घोषणा विवाह विच्छेद एवं स्थाई निषेधाज्ञा
वाद सं. 90सन् 2025
नाम अजय सिंह जादौन पुत्र श्री राम भरोसी जाति...स्थान ग्राम-भैरूण्डा, पुलिस थाना सपोटरा, जिला करौली ...ने आपके विरूद्ध..के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 18 माह 3 सन् 2026 को दिन में 10.00 ए.एम.बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुरजाई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
अर्जीदार पति रामकिशोर मीणा ने अपनी पत्नी श्रीमती सुनीता मीणा के विरूद्ध तलाक की अर्जी दी है जिसमें आपको जारी होने से पक्षकार बनाया गया है।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज दिनांक 20 माह 01 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
आज्ञा से-शरिस्तेदार
पारिवारिक न्यायालय
मोहर अदालत
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम संख्या 10, जयपुर महानगर प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1235
चूंकि प्रार्थी श्री विजय पाराशर 97-बी, रघुनाथपुरी 2nd विस्तार एयरपोर्ट सांगानेर जयपुर-302029 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास उन्नयन समिति 97-बी, रघुनाथपुरी 2nd विस्तार एयरपोर्ट सांगानेर जयपुर-302029 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 23.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 07.04.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

खोया पाया
मेरे मकान 121/19 मानसरोवर जयपुर के संबंधित मूल दस्तावेज (आवंटन पत्र/लीजडीड/पजेशन लेटर/रजिस्ट्री/अदेयता प्रमाण पत्र/हकत्यग पत्र/गिफ्ट डीड/परपेचुअल लीजडीड/नेम ट्रांसफर आदि) गुम हो गए है। कृपया मिलने पर सम्पर्क करें अभिषेक श्रीवास्तव 9950996830
मेरा प्लाट नं. 1, ग्रीन वैली-।। गांव वाटिका का मूल पट्टा जो हरिनगर ग्रह निर्माण सहकारी समिति द्वारा जारी किया गया था। कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सूचित करें-रमेश चन्द 9587686453
मेरे आवास संख्या 24/90 मानसरोवर जयपुर का कब्जा पत्र (handing over taken over) गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। रेवा चंद मो. 9314876591
मेरे आवास संख्या 31/90/06 मानसरोवर जयपुर का मूल आवंटन गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें REEMA SINGH मो. 6375419125

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1226
चूंकि प्रार्थी श्री AKHILESH ATRI, A-5, POWAR HOUSE ROAD, OPP. D.R.M. OFFICE, NEAR RAILWAY STATION, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास जयपुर परिवार सेवा ट्रस्ट A-5, POWAR HOUSE ROAD, OPP. D.R.M. OFFICE, NEAR RAILWAY STATION, JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 23.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 06.04.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

नाम परिवर्तन
मैं, नरेन्द्र कुमार आनंद, पुत्र बंसी लाल आनंद, मेरा नाम कुछ अभिलेखों में Narandra Kumar Anand अंकित हो गया है मेरा सही नाम Narendra Kumar Anand है आधार, पैन आदि दस्तावेजों में दोनों नाम एक है भविष्य में मेरा नाम नरेन्द्र कुमार Narendra Kumar Anand आनंद ही माना जाए।
मैंने अपना नाम हर्ष शैल पिलानिया से बदलकर हर्ष पिलानिया पुत्र शैल कुमार पिलानिया रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जावें। ADD-E-6, ROAD NO. 1 V.K.I AREA, JAIPUR 7727932525

कार्यालय नगर निगम जयपुर
(सांगानेर स्टेडियम वाली रोड, गर्ल्स स्कूल के पास, सांगानेर जयपुर)
E-mail :- eesanganerzone01@gmail.com
क्रमांक :- जसअ/2025/445 दिनांक: 20.01.2026
निविदा सूचना संख्या 232-235/2025-26
केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत संवेदकों एवं नगर निगम जयपुर के पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि. अभि. (सांगानेर जोन) से संबंधित विकास कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.raj.nic.in & www.jaipurmc.org पर देखी जा सकती है। स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल का Unique Bid Number JMC2526WSOB02605 से JMC2526WSOB02608 है।
अधिशाषी अभियंता
सांगानेर जोन
नगर निगम जयपुर
राज.संवाद/सी/25/18416

कार्यालय नगर निगम जयपुर
(सांगानेर स्टेडियम वाली रोड, गर्ल्स स्कूल के पास, सांगानेर जयपुर)
E-mail :- eesanganerzone01@gmail.com
क्रमांक :- जसअ/2025/457 दिनांक: 27.01.2026
निविदा सूचना संख्या 236-239/2025-26
केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत संवेदकों एवं नगर निगम जयपुर के पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि. अभि. (सांगानेर जोन) से संबंधित विकास कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.raj.nic.in & www.jaipurmc.org पर देखी जा सकती है। स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल का Unique Bid Number JMC2526WSOB02638 से JMC2526WSOB02641 है।
अधिशाषी अभियंता
सांगानेर जोन
नगर निगम जयपुर
राज.संवाद/सी/25/18508

कार्यालय उपायुक्त झोटवाडा जोन नगर निगम जयपुर
तारानगर-डी खिरणी फाटक, झोटवाडा जयपुर
क्रमांक :- जसअ/2025/451 दिनांक : 22.01.2026
आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झोटवाडा जोन नगर निगम जयपुर में कार्यरत स्थाई चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित ने मृतक के स्थान पर अनुकम्पात्मक नियुक्ति हेतु निम्नानुसार आवेदन किया है :-

क्र. स.	मृतक का नाम	मृत्यु दिनांक	आवेदक का नाम	आवेदन दिनांक	मृतक से संबंध (आश्रित)	पद जिनके लिए आवेदन किया गया	पता
1.	स्व. पप्पू लाल पुत्र श्री बाबू लाल	01.02.2025	श्री अमन चांवरिया पुत्र स्व. श्री पप्पू	24.03.2025	पुत्र	सफाई कर्मचारी	निवासी-हरिजन बस्ती बुनकर कॉलोनी पश्चिम खातीपुरा जयपुर।

अतः उपरोक्तानुसार आवेदन के अनुकम्पात्मक नियुक्ति के आवेदन पर जोन द्वारा कार्यवाही की जा रही है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो वह सक्षम साक्ष्यों सहित लिखित में अपनी आपत्ति जोन कार्यालय में 07 दिवस में प्रस्तुत करने का श्रम करे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं जोन द्वारा उक्त के सम्बन्ध में आगामी कार्यवाही की जायेगी। उपायुक्त
राज.संवाद/सी/25/18489 झोटवाड़ा जोन